प्रेस नोट

सराहनीय कार्य जनपद कानपुर देहात

दिनांक-28.08.2023

- **अपराध नियंत्रण की दिशा में कानपुर देहात पुलिस को मिली एक और सफलता।**
- **थाना मंगलपुर पुलिस की कार्यवाही से 12 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 02 नफर अभियुक्तगण को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया गया।**
- **अभियुक्त गण के कब्जे से 01 अदद पम्पिंग सेट बरामद किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक रेन्ज कानपुर श्री प्रशान्त कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 26.08.2023 की रात को वादी श्री राघवेन्द्र सिंह पुत्र श्री जयचनद्र सिंह निवासी ग्राम अचरौली थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा पम्पिंग सेट चोरी होने के सम्बन्ध में थाना मंगलपुर पर दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 250/2023 धारा 379 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। जिसमें थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान ही दिनांक 27.08.2023 को मुखबिर खास द्वारा बताया गया कि हिसाबा मार्ग पर 02 व्यक्ति पम्पिंग सेट लिये जा रहे हैं उपरोक्त पम्पिंग सेट चोरी का प्रतीत होता है। मुखबिर खास की सूचना को तस्दीक करते हुए मंगलपुर पुलिस द्वारा समय करीब 22.10 बजे हिसाबा मार्ग से लगभग 150 मीटर पहले संदलपुर मार्ग पर पम्पिंग सेट ले जा रहे 02 व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया तो पुलिस को देखकर पम्पिंग सेट छोडकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा दौडाकर दोनों व्यक्तियों को पकड लिया गया। पकडे गये व्यक्तियों से पूछताछ की गयी तो अपराधियों की पहचान 1. मोहित पुत्र कनौजी लाल उम्र लगभग 19 वर्ष निवासी ग्राम डबरापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात 2. सुनील उर्फ गोलू पुत्र बिहारी उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी ग्राम गहोलिया थाना रूरा जनपद कानपुर देहात के रूप में हुई। गिरफ्तार अभियुक्त गण के कब्जे से 01 अदद पम्पिंग सेट बरामद किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त गण को मा0 न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि यह पम्पिंग सेट हम दोनों लोगो ने दिनांक 26.08.2023 की रात लगभग 10-11 बजे ग्राम अचरौली के बम्बे के पास पुलिया से उठाकर लाये थे। जिसको, हम बेचने जा रहे थे और आप लोगों ने पकङ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण विवरण-

1. मोहित पुत्र कनौजी लाल उम्र लगभग 19 वर्ष निवासी ग्राम डबरापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
2. सुनील उर्फ गोलू पुत्र बिहारी उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी ग्राम गहोलिया थाना रूरा जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी-

अभियुक्त गण के कब्जे से 01 अदद पम्पिंग सेट बरामद किया गया।

अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0- 250/2023 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 पंकज कुमार चौकी प्रभारी चौकी संदलपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
2. हे0का0 468 विजय प्रताप थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
3. का0 429 विनोद कुमार थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
4. का0 130 एंम्पाली थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।